हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 25 मई 2025



10 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान... के





11 संकरी में 25 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड और नाली






## खबर संक्षेप

### ईंट भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर



**पवनी।** नगर पंचायत पवनी के अटल चौक के पास सारंगढ़-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर सुबह फ्लाईएस ब्रिक्स से भरे ट्रेक्टरट्रॉली को तेज रफ्तार ट्रक ने गलत साइड जाकर टक्कर मार दिया, जिससे इंजन सहित ट्रॉली 10 फीट आगे जाकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रॉली और इंजन चिपट गया। ट्रैक्टर पचरी के पूर्व सरपंच सालिकराम धृतलहरे का है, जो ईंट लेकर टून्द्री की ओर जा रहा था। पवनी मोड़ के पास रोककर हमाल चाय पी रहे थे, उसी वक्त सारंगढ़ की ओर से बलौदाबाजार की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएम 4799 टक्कर मार दिया। पुलिस घटना स्थल पहुंच जांच में जुटी।

### पवनी में निःशुल्क नेत्र शिविर आज

पवनी। नगर पंचायत पवनी के शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क नेत्र शिविर एवं मोतियाबिंद जांच एवं उपचार का आयोजन रविवार 25 मई को सुबह 10 से शाम 3 बजे तक किया जायेगा। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिये मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मा वितरण किया जायेगा।

# नशा मुक्ति व साइबर जागरूकता के लिए बास्केटबॉल और व्हॉलीबॉल स्पर्धा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दो दिवसीय बलौदाबाजार बास्केटबॉल-वॉलीबॉल लीग का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता 24 एवं 25 मई को जिला स्टेडियम बलौदाबाजार में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का आयोजन नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान के तहत किया गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन शनिवार शाम मुख्य अतिथि आकांक्षा गोलू जायसवाल, अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की छवि पर माल्यार्पण कर किया गया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि, "इस आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, बल्कि समाज में बढ़ते नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति लोगों को सजग करना भी है।" उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ी पुलिस वालंटियर के रूप में कार्य करते हुए आमजनों और अपने परिजनों को इन विषयों पर लगातार जागरूक करेंगे। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 25 मई को भी जारी रहेगी तथा समापन समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### जिला पुलिस खेल के माध्यम से नशा मुक्ति व साइबर जागरूकता का दे रही संदेश





#### महिला एवं पुरुष वर्ग की 8-8 टीमें भाग लिया

प्रतियोगिता में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल की महिला एवं पुरुष वर्ग की 8-8 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच बास्केटबॉल में तरेंगा बनाम रावनभांटा किंग्स भाटापारा और वॉलीबॉल में सिमगा बनाम कुरकुटी बया के बीच खेला गया। खेल प्रारंभ से पूर्व मुख्य अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### अपराध : खरोरा में दिन दहाड़े हुई वारदात, पुलिस विवेचना जारी

# पत्थर से सिर कुचलकर महिला की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के वार्ड क्रमांक 13 राऊत पारा में अज्ञात लोगों ने दिन दहाड़े एक अधेड़ महिला की लाठी डंडे व सिर पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और पड़ोसियों से घटना के संबंध में पूछताछ की, लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस को किसी तरह का सुराग नहीं मिला है। शव का पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेजा दिया है। जांच जारी है।

जानकारी अनुसार शनिवार को करीब 2 से 3 बजे पुलिस को जानकारी मिली कि वार्ड 13 राऊत पारा में लगभग 65 वर्षीय महिला पद्मा यादव की किसी अज्ञात लोगों ने घर के सामने ही लाठी से मारपीट करते हुए सिर पर पत्थर पटक कर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। मृतका के पड़ोस में रहने वालों से पूछताछ जारी है। दिन दहाड़े इस हत्याकांड ने पड़ोसियों में भी सनसनी फैला दी है। जिस वक्त अज्ञात आरोपी घटना को अंजाम दे रहा था, ▶▶ शेष पेज 11 पर



#### पार्षद को किया था फोन

वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद पंचराम यादव ने बताया कि दोनों के बीच कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद था। इसकी शिकायत पदमा यादव ने थाने में की थी। मुझे आज दोपहर 1 बजे राजू यादव का फोन भी आया था। वह कह रहा था कि पदमा की शिकायत के बाद पुलिस बार बार अति है उसे रुकवाओ। पार्षद पंचराम ने अपने वार्ड पार्षद को फोन लगाने को कहा।

#### पड़ोसी पर शक

प्रथम दृष्टया पड़ोसी पर ही शक है। फोरेंसिक टीम भी जांच कर रही है। जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

- दीपक पासवान, थाना प्रभारी, खरोरा

# नाका बंद, ट्रैक्टरों से पत्थर का अवैध परिवहन जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बलौदाबाजार जिले के टुण्डरा तहसील के अंतर्गत अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत खपरीडीह एवं कुम्हारी में अवैध पत्थर खदान संचालित है। खनिज विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिसके चलते पत्थर माफियाओं का हौसला बुलंद होते जा रहा है और रोज ट्रैक्टरों में भरकर अवैध परिवहन धडल्ले से किया जा रहा है। पिछले वर्षों से माइनिंग विभाग द्वारा गिधौरी में वनोपज जांच नाका के पास गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर माइनिंग विभाग के कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी, लेकिन विगत दो-चार माह से माइनिंग विभाग की जांच नाका बेरियर बंद पड़ा है, जिसके चलते अवैध पत्थर , रेती, ईंटा, ट्रैक्टरों में परिवहन रात हो या दिन में धडल्ले से जारी है। खनिज विभाग द्वारा छोटी-मोटी कार्रवाई कर खाना पूर्ति की जाती है और रोजाना अवैध पत्थर उत्खनन और बिना रायल्टी वाहन खुलेआम दौड़ रहे है, राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है। अवैध पत्थर का परिवहन बलौदाबाजार से जिले से गिधौरी शिवरीनारायण के जांजगीर तक हो रहा है।

- गिधौरी में माइनिंग विभाग का खनिज जांच नाका महीने से बंद

# चाकू व तलवार लहराकर धमकाया, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में आम नागरिकों की सुरक्षा और अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में समाधान सेल को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम झोंका मेन रोड पर चाकू और तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से आम नागरिकों द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिल मिरी 38 वर्ष एवं विकास बांधे 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम झोंका को मौके से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी राहगीरों को चाकू और तलवार दिखाकर भयभीत कर रहे थे। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से लोहे की धारदार तलवार और चाकू बरामद किया। दोनों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

- समाधान सेल की तत्परता से हुई कार्रवाई, धारदार हथियार बरामद





#### समाधान सेल की भूमिका सराहनीय

गौरतलब है कि आम नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिले में "समाधान सेल" का गठन किया गया है। यह हेल्पलाइन नागरिकों को व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से सीधे सूचना देने का मंच प्रदान करता है। इस योजना की मदद से आपराधिक गतिविधियों पर तेजी से लगाम लगाई जा रही है और आरोपियों को कानून के शिकंजे में लाया जा रहा है।

# नाबालिग को शराब उपलब्ध कराने वाले दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर ग्रामीण पुलिस ने एक संगठित अपराध का भंडाफोड़ करते हुए किशोर न्याय एवं संरक्षण अधिनियम के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर नाबालिग बालक को अवैध शराब की बिक्री में नियोजित करने और अपराध के लिए संगठन तैयार करने का आरोप है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 20 वर्षीय मेहता नगर निवासी दयाल दास गेण्ड्रे और 3 वर्षीय ग्राम सुमा निवासी गोपाल वर्मा शामिल है।

- संगठन बनाकर आरोपी नाबालिग को उपलब्ध करा रहे थे शराब



**पहला मामला :** 28 मार्च को ग्राम सूरजपुरा में पुलिस ने दबिश देकर मनीराम वर्मा उर्फ चूडामणि को अवैध रूप से देशी मसाला शराब बेचते हुए पकड़ा। उसके कब्जे से 50 पौवा शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**दूसरा मामला :** इसी दिन ग्राम दतरेंगा में की गई कार्रवाई में रवि शंकर देवदास को 35 पौवा देशी मसाला शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### साजिश में शामिल थे दयाल दास और गोपाल वर्मा


पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में दोनों मामलों की जब विवेचना की गई, तो यह सामने आया कि दयाल दास गेण्ड्रे और गोपाल वर्मा ने संगठित रूप से इन दोनों आरोपियों को शराब उपलब्ध कराई थी। यही नहीं उन्होंने सुनियोजित तरीके से अपराध कारित करने हेतु संगठन तैयार कर एक नाबालिग बालक को भी इस अपराध में शामिल किया।

### सुबह पूजा-अर्चना करके शिवजी से आशीर्वाद मांगा

# शिवलिंग में दिखी चमत्कारी आकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

धरसींवा विकासखंड के ग्राम मटिया स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने पुरातात्विक शिव मंदिर की जर्जर हालत के बावजूद, यहां के भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं है। शनिवार सुबह इस प्राचीन और जीर्ण-शीर्ण मंदिर में एक ऐसी अद्भुत घटना घटी है, जिसने पूरे क्षेत्र में भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और विश्वास के एक नए ज्वार को जन्म दे दिया है। इस सदियों पुराने मंदिर में स्थापित शिवलिंग, जिसकी ग्रामीण पीढ़ियों से पूजा करते आ रहे हैं और जिस पर अब तक किसी प्रकार की कोई आकृति नहीं देखी गई थी, अचानक एक मुस्कुराते हुए मानवीय चेहरे की स्पष्ट आकृति उभर आई है। यह दृश्य इतना विस्मयकारी है, जिसने भी देखा वह नतमस्तक हो गया। शनिवार को सुबह जब कुछ ग्रामीण नित्य पूजा के लिए इस जर्जर मंदिर में पहुंचे, तो उनकी आंखें शिवलिंग पर उभरी इस अलौकिक आकृति को देखकर अचंभित हो गईं। मानो स्वयं भोलेनाथ अपने भक्तों को इस जर्जरता के बीच भी दर्शन देकर मुस्कुरा रहे हों।



#### गांव में फैला आस्था का जन सैलाब

जैसे ही यह खबर गांव में फैली देखते ही देखते मंदिर परिसर में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। दूर-दराज के गांवों से भी लोग इस चमत्कारिक दृश्य को अपनी आंखों से देखने और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भागे चले आ रहे हैं। मंदिर की जर्जर दीवारों और टूटी हुई छत के बावजूद, भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। लोगों के चेहरों पर भक्ति और आश्चर्य का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। ग्रामीण इसे भगवान शिव का साक्षात चमत्कार मान रहे हैं। उनका कहना है कि इस जर्जर मंदिर में इस तरह की अलौकिक घटना का होना, भगवान की असीम कृपा का प्रतीक है। सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा ने बताया कि यह मंदिर काफी पुरानी है और लगभग 1870 के आसपास की है। मंदिर परिसर में हर हर महादेव के जय कारा गूंज रहे हैं और भजन-कीर्तन का दौर अनवरत जारी है।




## खबर संक्षेप

### उप अभियंता भर्ती के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यापम द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत उप अभियंता के 30 पदों के लिए बीते दिनों विज्ञापन निकाला गया था। इसमें सिविल, विद्युत और यांत्रिकी के पद शामिल हैं। इन पदों के लिए आवदेन प्रारंभ कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी 20 जून तक आवेदन कर सकेंगे। 21 से 23 जून तक का समय त्रुटि सुधार के लिए मिलेगा। 20 जुलाई को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### पीएससी मेंस का शेड्यूल जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी मुख्य परीक्षा का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 26 से 29 जून तक मुख्य परीक्षाओं का आयोजन होगा। प्रवेशपत्र 10 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालयों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैंडिडेट्स ही इसमें शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

### कॉलेज में भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा कल

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में समस्त बीए/बीएससी द्वितीय सेमेस्टर डीएससी /जीई (भूगोल) विषय के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 26 मई को सुबह 08 से 11 बजे तक विवेकानंद सभागार में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में समस्त नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी प्रायोगिक फाईल एवं कम्पास बॉक्स के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 07:30 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा से संबंधी जानकारी के लिए दिलीप कुमार बढ़ाई, विभागाध्यक्ष भूगोल से संपर्क कर सकते है।

### 50 नग बल्ली और जलाऊ लकड़ी जब्त

**बागबाहरा।** जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र में वन अमले ने लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया है, बल्ली और मिश्रित प्रजाति के जलाई लकड़ी का अवैध तौर पर परिवहन करते पाए जाने पर उक्त कार्रवाई की बात सामने आई है। वनमंडलाधिकारी के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव के मार्गदर्शन में अवैध वनों की कटाई के रोकथाम के लिए कड़े निर्देश पर शुक्रवार की शाम सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा द्वारा जुनवानी के बीट क्रमांक 128 में एक ट्रैक्टर लकड़ी जब्त की कार्यवाही की गई है। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी भुनेश्वर तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोकरामुड़ा जुनवानी के पास एक ट्रैक्टर सीजी 06 जीएन 6545 में अवैध रूप से बल्ली व मिश्रित प्रजातियों के जलाऊ लकड़ी को परिवहन कर रहा है। इसके उपरांत तत्काल सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर से वैध कागज के लिए दस्तावेज की मांग की गई। दस्तावेज नहीं मिलने पर जब्त कर पीआर 19930/17 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। ट्रैक्टर से 50 नग बल्ली व एक क्विंटल जलाऊ लकड़ी बरामद की गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी भुवनेश्व तिवारी, वन रक्षक चुकेश्वर ध्रुव सहित वन अमला मौजूद रहे।

### खरोरा में लगाई गई सीजन लाइट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक, साई मंदिर एवं गांव के चौक-चौराहों में सीजन लाइट लगाई गई। गांव खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चन्द्राकर एवं संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि चारों और रोशनी के लिए लाइट लगाई गई।

### आप के राज्यसभा सांसद का रायपुर आगमन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रवक्ता संजय सिंह का कल रात रायपुरआगमन हुआ। रात्रि 8 बजे माना विमानतल में उनका स्वागत हुआ। तत्पश्चात नया सर्किट हाउस नया रायपुर में राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों का मीटिंग रखा गया।

# उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान के लिए जांच शिविर

## 2177 गर्भवती महिलाओं ने लिया भाग और प्राप्त किया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान करना था। शिविरों का आयोजन जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया, जिसमें कुल 2177 गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया और लाभ प्राप्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जच्चा-बच्चा की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शिविरों में विशेषज्ञ स्त्री रोग चिकित्सकों द्वारा महिलाओं की बीपी, शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, सीबीसी, सिफलिस, यूरिन, मलेरिया आदि की जांच की गई। साथ ही, डॉप्लर स्कैन तथा मौके पर ही 90 महिलाओं की सोनोग्राफी भी की गई।विशेष रूप से यह पाया गया कि 164 महिलाएं ऐसी थीं, जिनकी पूर्व में सिजेरियन डिलीवरी हो चुकी थी, जिन्हें अतिरिक्त निगरानी की आवश्यकता है। सभी हितग्राहियों को जरूरी दवाइयां, पोषण आहार, परिवार नियोजन संबंधी जानकारी और सुरक्षित प्रसव की तैयारी के बारे में समुचित कॉउंसिलिंग प्रदान की गई।



### शिविर में रही सुदृढ़ व्यवस्था

शिविर की समुचित व्यवस्था हेतु सीएमएचओ डॉ. अवस्थी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सृष्टि मिश्रा की निगरानी में पूर्व से ही तैयारियां की गई थीं। डीपीएम ने बताया कि पंजीयन, लैब जांच, ओपीडी, दवा वितरण एवं कॉउंसिलिंग आदि के लिए अलग-अलग स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी, जिससे समस्त प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। हितग्राही महिलाओं के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान राज्य कार्यालय से डॉ. आनंद वर्मा एवं डॉ. अक्षय शक्ति तिवारी ने कार्यक्रम का निरीक्षण कर व्यवस्था की सराहना की।

## बगैर पहचान पत्र के गांव में नहीं दिया जायेगा प्रवेश, ग्रामीणों का भी मिल रहा सहयोग

# गांव की सुरक्षा के लिए सरपंच ने बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम बिटकुली में हाल ही में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पंचायत सरपंच ने एक साहसिक और सराहनीय पहल करते हुए गांव की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। गांव में बिना अनुमति किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश अब प्रतिबंधित कर दिया गया है।

पंचायत के आदेशानुसार अब यदि कोई फेरीवाला या बाहरी व्यक्ति गांव में सामान बेचने के उद्देश्य से प्रवेश करता है, तो उसे पहले ग्राम सरपंच, कोटवार या थाना से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही, उसके पास पहचान पत्र होना भी जरूरी होगा। यह निर्णय इसलिए लिया गया है, क्योंकि ग्रामीणों का मानना है कि कई बार फेरीवाले वस्त्र या अन्य सामान बेचने की आड़ में घरों की रेकी करते हैं और फिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।




गांव की जनता को जागरूक करने के लिए सरपंच द्वारा गांव के मुख्य चौक-चौराहों पर फ्लेक्स बैनर लगाए गए हैं और मुनादी भी कराई गई है। इन माध्यमों से ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे केवल उन्हीं लोगों से सामान खरीदें, जिनके पास वैध पहचान पत्र और अनुमति पत्र हो।

ग्रामवासियों ने सरपंच की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया है। लोगों में सुरक्षा को लेकर अब अधिक जागरूकता आई है और गांव में इस निर्णय से एक सकारात्मक माहौल बना है।

ग्राम सरपंच बिटकुली दिनेश चवरे ने बताया कि संध्या चौपाल के दिन जनता लोग को जानकारी दी गई कि कोई भी व्यक्ति जबरदस्ती समान बेचने के उद्देश्य से ग्राम में प्रवेश करे तो तत्काल सूचना सरपंच, कोटवार या थाने को दें, ताकि अप्रिय घटना से बचा जा सके। लोगों को जानकारी प्राप्त हो इसके लिए पोस्टर फ्लैस बनाकर चौक चौराहों बाजार चौक, पंचायत भवन में लगाया जा रहा है।

ग्राम में 4 प्रवेश मार्ग है, जिसमें जांगड़ा रास्ता, बरडीह रास्ता, प्रवेश द्वार सभी में लगाया जा रहा है। मुनादी करा दी गई है। गांव के व्यक्ति बिना डर के अनजान व्यक्ति से स्वयं जानकारी ले, संदिग्ध होने पर तुरन्त सूचना दें, सीसीटीवी लगाने की भी योजना चल रही है, जो जल्दी लग जाएगा। मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा प्रमुख है, अवांछित घटना ना घटे, चोरी की घटना को रोकना, गांव की सुरक्षा, दुर्घटना घटने से अच्छा है सावधानी बरते।

# बच्चों में जिज्ञासा जानने समर कैंप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 23 मई से पीएम श्री समर कैंप का प्रारंभ है। इसमें निर्धारित सैड्यूल अनुसार अलग-अलग गतिविधियां जिसमें बच्चों की रुचि, आनंद, जिज्ञासा को पहचानने का प्रयास किया जा रहा है तथा बच्चों को उनकी अभिरूचि अनुसार तत्संबंध कौशल को निखारने का कार्य समाज के प्रतिष्ठित विद्वत गण द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इसमें आकाश वर्मा द्वारा रोबोटिक्स तथा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) पर दीपक तिवारी द्वारा भाषा कौशल, चारित्रिक विकास पर, अनिरुद्ध मिश्र द्वारा आर्ट एवं पैन्टिन्ग पर, संदीप पांडेय द्वारा स्पोकन इंग्लिश, पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर तथा आशीष त्रिपाठी द्वारा व्यावसायिक परीक्षाओं की तयारी के सम्बन्ध आवश्यक करिएर गाइडेंस प्रदान किया जाना है। इसके साथ ही उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा योग था मैडिटेशन, आर्ट एंड क्राफ्ट, ओरिगामी, जुम्बा, गणित अभियोग्यता तथा तर्कशास्त्र, कम्प्यूटर ज्ञान आदि विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया जाना है। विभिन्न गतिविधियों के साथ साथ बच्चों को स्वल्पाहार भी कराया गया। पीएम श्री समर कैंप के प्रथम दिन कार्यक्रम का उद्घाटन एसएमडीसी पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के अध्यक्ष अमित वर्मा द्वारा किया गया तथा प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी द्वारा बच्चों को अलग-अलग विधा में दक्ष बुद्धिजीवियों से अपनी अभिरूचि अनुसार कौशल का विकास करने तथा अपना सर्वांगीण विकास को प्रशस्त करने का आग्रह किया गया।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा दो सटोरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिले में संचालित समाधान सेल की सक्रियता से एक बार फिर सफलता हाथ लगी है। प्राप्त सूचना के आधार पर भाटापारा शहर पुलिस ने दो क्रिकेट सटोरियों को ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई 23 मई को हथनीपारा वार्ड, रावनभाटा दशहरा मैदान के पास की गई, जहां आरोपी लोमेश साहू मोबाइल के माध्यम से आईपीएल टीम आरसीबी और एसआरएच के मध्य चल रहे मैच में ऑनलाइन सट्टा खिला रहा था। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उसे मौके पर पकड़ा गया और उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ग्राम ढाबाडीह निवासी 20 वर्षीय लोमेश साहू और 20 वर्षीय नरेश एक्का ने कबूल किया कि वह नरेश एक्का नामक युवक से ऑनलाइन सट्टा आईडी प्राप्त कर सट्टेबाजी कर रहा था। इसके आधार पर पुलिस ने ग्राम ढाबाडीह निवासी नरेश एक्का को भी गिरफ्तार किया और उसके पास से भी एक मोबाइल जब्त किया गया।दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### सभी वार्डों का एक्शन प्लान प्रस्ताव बनाने दिए निर्देश



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों और कार्यपालन अभियंताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी 70 वार्डों का एक्शन प्लान प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने वार्ड एक्शन प्लान नियमानुसार निविदा आमंत्रण के माध्यम से कार्यवाही पश्चात इनपेनल्ड किए गए 8 कंसल्टेंट के सहयोग और वार्ड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पार्षद के सुझाव एव समन्वय से वार्ड क्षेत्र की व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार तैयार करके प्रारंभिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। बैठक में निगम अपर आयुक्त विनोद पांडेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, निगम मुख्यालय कार्यपालन अभियंताओं सहित 8 इनपेनल्ड कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

# बारिश से पहले पार्षद ने करायी नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

नगर के पार्षद नन्दकुमार साहू ने बरसात मौसम से पहले नालियों की सफाई अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य नगर की नालियों को साफ़ करना और बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं को रोकना है।

नालियों की सफाई अभियान की शुरुआत करते हुए पार्षद नन्दकुमार ने कहा कि बरसात के मौसम में नालियों की सफाई बहुत जरूरी है। अगर नालियों की सफाई नहीं की जाती है, तो इससे नगर में जलभराव की समस्या हो सकती है, जिससे लोगों को परेशानी हो सकती है। पार्षद नन्दकुमार ने बताया कि इस अभियान में स्थानीय लोगों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि वे भी अपने क्षेत्र की नालियों की सफाई में योगदान कर सकें। नागरिकों ने पार्षद नन्दकुमार के इस पहल की सराहना की है और कहा है कि इससे शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार होगा। पार्षद नन्दकुमार ने कहा कि नगर पंचायत की टीम नियमित रूप से नालियों की सफाई करेगी और शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए काम करेगी। उन्होंने अपील की है कि वे प्रत्येक नगरवासी अपने घरों के आसपास की नालियों की भी सफाई करें और कचरे को सही तरीके से निपटाएं। उन्होंने कहा कि इससे नगर की स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार होगा और बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं को रोका जा सकता है। सफाई अभियान में लोकनाथ साहू, कमल साहू, लोकेश साहू, तुमन साहू, दौवाराम साहू शामिल थे।



### दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में समाधान शिविर लगा

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में समाधान शिविर लगाया गया। यह शिविर जोन 7 के 7 वार्डों की जनता के लिए लगाया गया था। शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आयुक्त विश्वदीप एवं एमआईसी सदस्यों सहित निगम क्षेत्र के पार्षद, जोन अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस जोन क्षेत्र में 11 अप्रैल तक शिविर में किए गए मांग, शिकायत सहित अन्य आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान लोगों के आवेदन पर तत्काल लर्निंग लाईसेंस, ड्रायविंग लाईसेंस, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड तत्काल बनाकर दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों के समाधान के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे।



# रविवि ने बदला सेमेस्टर परीक्षाओं का समय, अब छात्रों को नहीं उठना पड़ेगा तड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रथम पाली की परीक्षा अब 7 बजे के स्थान पर 8 बजे से होगी शुरू
- द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1 से 4 बजे तक, आदेश जारी

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अंततः सेमेस्टर परीक्षाओं के समय में बदलाव कर दिया है। ऐसा छात्रों द्वारा लगातार किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन के बाद किया गया है। अब प्रथम पाली की परीक्षाएं सुबह 7 बजे के स्थान पर 8 बजे से शुरू होगी। छात्रों को अब तड़के नहीं उठना पड़ेगा।

रविवि द्वारा समय-सारिणी जारी किए जाने के बाद से ही इसका विरोध हो रहा था। छात्रों का कहना था कि सुबह 7 बजे परीक्षाएं प्रारंभ होने की स्थिति में उन्हें 6.30 बजे केंद्र पहुंचना होगा। इसके लिए घर से तड़के निकलना आवश्यक है। कई छात्र दूरस्थ क्षेत्रों से परीक्षा दिलाने आते हैं। ऐसे में सर्वाधिक तकलीफ उन्हें ही होगी। छात्रों ने लगातार विरोध करते हुए प्रशासनिक भवन का ताला भी तोड़ दिया था। परीक्षार्थियों की समस्या को देखते हुए अंततः रविवि ने समय में बदलाव कर दिया है। प्रथम पाली की परीक्षा 8 बजे से शुरू होकर 11 बजे तक चलेगी। द्वितीय पाली की परीक्षा के समय में भी बदलाव किया गया है। पूर्व में द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होने वाली थी। अब यह परीक्षा दोपहर 1 बजे से शुरू होकर 4 बजे तक चलेगी। महाविद्यालयों को समय संशोधन की सूचना प्रेषित कर दी गई है।

### कॉमर्स के पर्चे दूसरी पाली में

रविवि द्वारा अधिकतर विषयों की परीक्षाएं प्रथम पाली में ही रखी गई है। बड़ी संख्या में छात्र इससे प्रभावित हो रहे थे, इसलिए पूर्व समय का विरोध भी बड़े पैमाने पर हुआ। दूसरी पाली में कॉमर्स के पर्चे रखे गए हैं। गौरतलब है कि गत सत्रों में रविवि द्वारा तीन पालियों में परीक्षाओं का आयोजन किया जाता था। इससे प्राध्यापकों को लगभग 12 घंटे की ड्यूटी करनी पड़ती थी। बीते सत्र से इसमें बदलाव करते हुए सिर्फ दो पालियों में ही परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी इस पैटर्न को फॉलो करते हुए दो पाली में ही परीक्षाएं ली जा रही हैं।

## जनप्रतिनिधियों ने अधिकारी को लिखा पत्र

# ग्रामीण बैंक में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा के उपभोक्ता के लिए सुविधाओं का अभाव है। बैंक में न तो भीषण गर्मी से बचाव के लिए एयर कंडीशनर है और न ही ग्राहकों के पीने के लिए ठंडा पानी, जिससे ग्राहक काफी परेशान होते हैं। यह बैंक राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी रिंग रोड में संचालित है। ऑउटर होने के बावजूद ग्राहकों को कोई सुविधा नहीं मिलने के कारण ग्राहकों का मोह उक्त बैंक से कम होता नजर आ रहा है। इसके अलावा लगातार बैंक में कैश की भी किल्लत बनी रहती है, जिससे ग्राहकों को सही समय पर कैश नहीं मिल पाता है। शुक्रवार को नगर पंचायत कसडोल के जनप्रतिनिधियों ने ग्राहकों की लगातार शिकायत के बाद एक पत्र क्षेत्रीय प्रबंधक रायपुर को लिखा है। पत्र में उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा रिंग रोड बस स्टैण्ड के समीप संचालित है। यह कि उक्त बैंक में गर्मी के बावजूद ग्राहकों के लिए न ही पानी पीने की कोई सुविधा है और न ही गर्मी से बचाव के लिए एयर कंडीशनर या अन्य संसाधनों की व्यवस्था है। इस समस्या पर निदान करते हुये जनप्रतिनिधियों ने तत्काल बैंक में एयर कंडीशनर एवं वाटर फिल्टर लगाने की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि लगातार ग्राहक शिकायत कर रहे थे कि कसडोल की शाखा बड़ी शाखा है, बावजूद यहां बैंक में कोई सुविधा नहीं है, यहां ग्राहकों को एटीएम की भी सुविधा नहीं है, जबकि अन्य निजी या शासकीय बैंकों का एटीएम संचालित है, इसके अलावा पास के सोनाखान ग्रामीण बैंक में एयर कंडीशनर भी लगा है, लेकिन व्यापारिक दृष्टिकोण से कसडोल बड़ी जगह है, लेकिन बैंक में सुविधा कम है, जिसके कारण उक्त बैंक में अब लेन देन में ग्राहक कतरा रहे हैं। अगर बैंक प्रबंधन ग्राहकों के हितों को दरकिनार करता रहेगा तो उक्त बैंक के ग्राहक जल्द अन्य बैंक में डायवर्ट हो जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### कल 4 स्थानों पर समाधान शिविर का होगा आयोजन

**महासमुंद।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत जिले में समाधान शिविर 30 मई तक आयोजित होगा। जिले में कुल 49 समाधान शिविर का आयोजन किया जाना हैं। अब तक 39 समाधान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें नगरीय निकाय में 07 एवं जनपद पंचायत अंतर्गत 32 शिविर आयोजित हुआ है। आगामी शिविर 26 मई को 4 स्थानों पर पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरकोनी हाई स्कूल, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्रा, महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रायतुम हाईस्कूल, सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटसेंदरी हाईस्कूल में आयोजित होगा। इसी तरह 27 मई को बसना विकासखण्ड अंतर्गत भंवरपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल, 28 मई को दो स्थानों पर पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पथरला मिडिल स्कूल के सामने, महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरपुर हाई स्कूल, 29 मई को सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गेर्रा मिडिल स्कूल तथा 30 मई को दो स्थानों पर पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवानी हाई स्कूल एवं बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत हाथीबाहरा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में जिले की तारिणी का चयन



**महासमुंद।** जिले की नेटबॉल खिलाड़ी तारणी साहू का चयन 31वें सब जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में हुआ है जिसका आयोजन इंदौर मध्य प्रदेश में 25 से 28 मई तक होने जा रहा है। जिले की बालिका टीम ने राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें तारिणी साहू का उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ है। जिला नेटबॉल संघ महासमुंद के अध्यक्ष मनीष वास्तव, चेयरमैन गौरव चंद्राकर सचिव अभिषेक अंबिलकर, कोषाध्यक्ष पुरन साहू, जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज घृतलहरे, संतोष कुमार सोनी, किरण महाडिक, रितेश पटेल, आशुतोष शर्मा, हिरेंद्र सोनी, शुभम तिवारी, आकाश सोनी, राहुल रंजन दास, अजय सिन्हा ने हर्ष जताया है।

## पेज 9 के शेष

### महिला की हत्या...

उस समय महिला अपने घर में अकेले थीं। प्रथम दृष्टाय महिला के हत्या के पहले आरोपी और महिला के बीच विवाद होना पाया गया है। विवाद बढ़ने के बाद महिला पर ओरोपी ने पहले लाठी से वार कर गिरा दिया होगा, फिर हत्या करने के उद्देश्य से सिर पर पत्थर पटक दिया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना स्थल पर टूटी चुड़ी मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि आरोपी और मृतका के बीच पहले कहासुनी और उसके बाद मारपीट हुई होगी। खरोरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच हत्याकांड के सभी पहलू पर जांच कर रही है। आरोपी के जल्द पकड़े जाने की बात पुलिस कह रही है।

### नाबालिग को शराब...

उसके विरुद्ध भी 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

इन गंभीर आरोपों के आधार पर दोनों मुख्य आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट, धारा 78 किशोर न्याय अधिनियम, तथा धारा 111, 95 भारतीय न्याय संहिता BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की गई है। थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को 23 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा है।

# निंदा करने से दूसरों का नहीं स्वयं का होता है नुकसान : पं. नंदकुमार

## मोहरा में जारी भागवत कथा में कथाकार ने अच्छे फल प्राप्त करने के बताये उपाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम मोहरा में आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को पं. नंदकुमार शर्मा ने कहा कि चारों युगों में कलियुग सर्वश्रेष्ठ है। इस युग में भगवान का नाम लेने से ही भवसागर से मुक्ति मिलती है। लोगों की यह धारणा गलत है कि समय खराब है या यह खराब युग चल रहा है, जबकि वास्तविकता ऐसी नहीं है। वास्तव में हमें अपना चिंतन बदलने की आवश्यकता है। हमें अपनी अनुभूति को बदलना होगा। युग और समय तो अच्छा ही रहता है। अच्छे अनुभूति से अच्छे कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर दुर्लभ है। इसके समान किसी अन्य प्राणी का शरीर नहीं है। मनुष्य शरीर श्रेष्ठतम है और



### व्यक्ति को सदैव जीवन में अच्छे कर्म करना चाहिए

जहां अच्छी संगति व्यक्ति को कुछ नया करते रहने की समय-समय पर प्रेरणा देती है, वहीं बुरी संगति से व्यक्ति गहरे अंधकूप में गिर जाता है। अच्छी संगति व्यक्ति का मन व चित निर्मल करती है. आचार्य ने ध्रुव चरित्र में बताया कि ध्रुव को बचपन से अच्छे संस्कार और अच्छी संगति मिली, जिनके कारण 5 वर्ष की आयु में ध्रुव भगवान का सानिध्य प्राप्त कर लिया। और अंत समय में ध्रुव लोक के मालिक बन गए। उन्होंने कहा संसार में जब कोई बुरे कर्म करने वाले मनुष्य की मृत्यु होती है, तो उसकी दुर्गति उसके मरने के बाद भी होती है। क्योंकि उसके जाने के बाद भी लोग उसकी बुराई करते हैं। इसलिए व्यक्ति को सदैव जीवन में अच्छे और दूसरों की भलाई वाले काम करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में सुख और शांति मिलती है।

जब तक हमारे शरीर में कोई रोग नहीं आता, तब तक हम शरीर का महत्व नहीं समझते। निःस्वार्थ प्रेम से प्रगाढ़ता बढ़ती है। स्वार्थ का प्रेम अधिक दिनों तक नहीं टिकता। इसी तरह भगवान की आराधना हमें निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। इससे ज्यादा फल मिलता है। स्वार्थ रखकर भगवान का पूजन करने से स्वार्थ सिद्धि नहीं होता। उन्होंने कहा कि लोग यदि अपने आप में सुधार लाएंगे तो पूरा समाज और पूरा देश सुधर जाएगा। आज के दौर में लोग स्वयं गलत काम करते हैं और दूसरे से सुधारने की उम्मीद रखते हैं। ऐसे में समाज सुधार संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी दूसरे की निंदा नहीं करनी चाहिए। दूसरों की निंदा करने से दूसरों का नहीं बल्कि खुद का ही नुकसान होता है।

## निरीक्षण : चिकित्सा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएम) के अंतर्गत संचालित सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं की जांच, पोषण परामर्श, सोनोग्राफी तथा लैब रिपोर्ट सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संतोषजनक व्यवस्था पर प्रशंसा व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में उपचार हेतु आई गर्भवती महिलाओं से बातचीत की और उनकी स्थिति तथा मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि प्राइवेट गायनेकोलॉजिस्ट के सहयोग से समय पर सोनोग्राफी, लैब रिपोर्ट और डाइटीशियन की सलाह गर्भवती महिलाओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है।







### व्यवस्थाओं में और सुधार के निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए अगली बार से समय-समय पर स्लॉट निर्धारण की योजना लागू करने और प्रत्येक पीएमएसएम दिवस पर जलपान व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में एक दिन पूर्व प्रसव कर चुकी महिलाओं को बेबी किट भेंट किया और टीबी उपचाराधीन मरीजों को फूड बास्केट प्रदान कर उन्हें उचित पोषण के लिए प्रेरित किया।

### नए मातृ-शिशु भवन का होगा निर्माण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पुराने प्रयोगशाला भवन को जल्द डिसमेंटल कर उसके स्थान पर एमसीएच (मातृ-शिशु) भवन निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही, हाउसिंग बोर्ड द्वारा अस्पताल परिसर में निर्मित हो रहे ट्रांजिट हॉस्टल के कार्य में तेजी लाने एवं जल्द पूर्ण करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस ध्रुव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संकरी में 25 लाख की लागत से बनेंगे सीसी रोड और नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत संकरी में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत 25 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन शुक्रवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। यह निर्माण कार्य भारत माता चौक से प्रारंभ होकर ग्रामीण आवागमन को सुगम बनाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी एवं तेज़ गति से क्रियान्वित कर रही है। इससे ग्रामीणों के जीवनस्तर में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी /"महतारी वंदन योजना के तहत अब छूटे हुए हितग्राहियों के लिए पुनः पोर्टल खोला जाएगा, ताकि सभी पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सके।

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमिपूजन, बोले- योजनाओं से सुधर रहा जनजीवन

राजस्व मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, नाली, जल एवं स्वच्छता की सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सिमगा दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य मोहन लाल वर्मा, जनपद सदस्य नर्मदा साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, ग्राम सरपंच कविता वर्मा, सुनीता वर्मा, हेमंत बघमार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बांध टूटने से टूटी रोड पर नहीं की मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

बलौदा बाजार जिला सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दरचुरा जहां पर पिछले 10 माह पूर्व भारी बरसात हुई, जिससे बांध टूट गया था। इस वजह से पास के गांव के लोगों के घर में पानी भर गया था, साथ कई किसानों की फसल नुकसान भी हुआ था, किंतु अभी तक किसी भी किसानों को किसी नुकसानी का मुआवजा नहीं मिला। तत्काल महीने भर की कड़ी मशक्कत में बांध का पुनः निर्माण कर पानी के बहाव पर काबू पा लिया गया था, किंतु अब तक पानी के बहाव से टूटी रोड का निर्माण नहीं हो पाया है। इस रोड की लंबाई लगभग 700 मीटर है, जहां भारी वाहन चलते, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जानकारी के अनुसार संबंधित अधिकारी से बात किया जाने पर कही फंड नहीं होने की बात कही गई, तो कही अच्छी क्वालिटी का निर्माण होना है, जिसकी वजह से रुके होने की बाते कही गई। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या दुर्घटना होने के बाद शासन प्रशासन सुध लेगा या पूरी तरह से रोड टूट जाने के बाद रोड का साइड शोल्डर में भराव किया जाएगा।

- इस मार्ग पर चलते हैं भारी वाहन, कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना

# चरौदा एवं बम्हनी में लगी संध्या चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के समस्याओं के निदान एवं सरकार की योजनाओं से अवगत कराने चलाये जा रहे सुशासन तिहार के तहत चरौदा एवं बम्हनी के संध्या चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर आम जनता की जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, आयुष्मान भारत योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना, नोनी सुरक्षा योजना, महतारी वंदन योजना जैसे अनेक योजनाओं से आम लोगों को मजबूत एवं सशक्त बना रहा हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं की निदान त्वरित होना चाहिये। उनको इधर-उधर भटकने का आवश्कता ना पड़े। उन्होंने पहलगाम में हुये आतंकवादी हमलों निंदा की और आपरेशन सिंदूर की सराहना की।

कार्यक्रम को रोहांसी मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, जनपद सदस्य उमेश यदु एवं जनपद सदस्य नीलिमा कोसले ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच चरौदा लकेश्वरी जायसवाल, मिथलेश जायसवाल, चरणदास कोसले, नेतराम जायसवाल, भानसिंह ध्रुव, मोहन साहू, लखन साहू, महेन्द्र यदु, बृजलाल साहू, विजय ध्रुव, लोभान जायसवाल, लता डहरिया, नेहा उपाध्याय, मनीराम कुर्रे, सीताराम साहू, बम्हनी सरपंच भूपेन्द्र देवांगन, रमेश धृतलहरे, प्यारेलाल कोसले, ओमप्रकाश पटेल, यशवंत चेलक, प्रीति देवांगन, पार्वती पटेल, कमलेश यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पानी का संरक्षण करना हम सबका दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गदहीडीह में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने पानी की महत्ता और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के सहायक इंजीनियर संदीप लॉरेंस ने कहा, पानी हमारे जीवन का आधार है। हमें इसका संरक्षण करना होगा ताकि भविष्य में पानी की कमी न हो।

- पलारी ब्लॉक के गदहीडीह पंचायत में मना हर घर जल उत्सव

जल संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए, हम जल प्रेरक बनाने की पहल शुरू कर रहे हैं। जल प्रेरक व्यक्ति होंगे जो अपने समुदाय में पानी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएंगे और जल संरक्षण के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर गांव के लोगों ने पानी बचाने के संकल्प लिए और जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली टीम को धन्यवाद दिया।

पानी कुरिया का संदेश देते हुए गांव के लोगों ने कहा, पानी हमारे जीवन का आधार है, इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है।

इस आयोजन में गांव के लोगों ने पानी की महत्ता और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई और जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली टीम को धन्यवाद दिया। उक्त कार्यक्रम में शामिल जिला समन्वयक राजकुमार कोसले, मनोज कुमार राठौर, गांव के सरपंच श्री ओम प्रकाश बान्दे सचिव श्री विजय कुमार यदु, ग्रामीण सावित्री बंदे, लक्ष्मी बघेल, भाना बंदे संगीता ग्रीतलहते, विपतत मानिकपुरी लोग उपस्थित थे।

## भाटापारा ग्रामीण थाना पहुंचकर पुलिस को सौंपा ज्ञापन

# शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई की मांग, महिला समूह पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार में शराब की अवैध बिक्री अभी भी जारी है। ग्राम पंचायत के निर्वाचित सरपंच पंचायत पदाधिकारियों और भारत माता वाहिनी स्वसहायता समुह की महिलाओं की सक्रियता से काफी हद तक गांव में शराब बिक्री बंद हो गई है। गांव में अवैध शराब बिक्री की मनाही के बावजूद कुछ लोगों द्वारा अशांति फैलाने की नीयत से शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं। मनाही के बावजूद शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं तो पंचायत पदाधिकारी और भारत माता वाहिनी स्वसहायता समूह की महिलाओं ने शराब की अवैध बिक्री में संलिप्त लोगों की नामजद शिकायत करने भाटापारा ग्रामीण थाना पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही कार्रवाई करने की मांग की है।



ग्राम पंचायत टोनाटार के सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच पिंकू कुलेश्वर वर्मा, पंच सुभद्रा रजक, रेखा वर्मा, मंजू ध्रुव, राहुल घृतलहरे, ओमेश कांत यादव, भारत माता वाहिनी महिला स्वसहायता समूह के अध्यक्ष मंजू वर्मा, सचिव लक्ष्मी वैष्णव, कोषाध्यक्ष सरस्वती वर्मा, सदस्य लक्ष्मी वर्मा, शिवकुमारी ध्रुव, राम ध्रुव, भगवतींन, जमुना बाई ध्रुव, मिथला ध्रुव, राधिका जायसवाल ने 24 मई को भाटापारा ग्रामीण थाना पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि गांव में शराब की अवैध बिक्री जारी है।

गांव में पहले पांच छह लोग शराब बेचते थे अब तीन लोग ही शराब बेच रहे हैं। गांव में शराब बेचना पीना मनाही हो गई है। शाम ढलने के बाद पंचायत पदाधिकारी और भारत माता वाहिनी स्वसहायता समूह की महिलाए गांव की गलियों का भ्रमण करते हैं और शराब की अवैध बिक्री न हो सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं, उसके बावजूद गांव के ही तीन व्यक्ति अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं।

पंचायत पदाधिकारी व महिलाओं द्वारा गलियों का भ्रमण करने के दौरान 23 मई की रात संत कुमार चेलक उर्फ राहुल के तालाब पार घर से रंगे हाथ कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। शराब मिलने के बाद उन्हें समझाइए दी गई कि गांव में शराब बिक्री मनाही है। समूह की महिलाओं ने ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला- सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**// ईश्तहार/ उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम पचरी तहसील बिलाईगढ जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पचरी तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदिका उषा देवी साहू पिता रामचरण साहू जाति तेली साकिन मल्दी तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि व्यवसायिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 05/06/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची :-

भूमि खसरा नं. 604/6 रकबा 0.032 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 19/05/2025 को जारी किया गया है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलाईगढ़

# हनुमान चालीसा पाठ में शामिल हुए नगरवासी, धार्मिक और सामाजिक संगठनों की साझा पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला पेंड्रा-गौरेला-मरवाही में 108 हनुमान चालीसा पाठ तथा सप्ताह उद्यापन समारोह में नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिसमें नगर के विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी सहित मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बलौदा बाजार से पधारी जिला संयोजिका आरती सराफ एवं जगदलपुर विभाग की संयोजिका उमा गुप्ता ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी साय की उपस्थिति रही। संत समाज की सहभागिता ने इस आयोजन को और भी दिव्यता प्रदान की।

इसके पश्चात मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की टोली ने अमरकंटक एवं रतनपुर जैसे पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। यह तीर्थयात्रा आत्मबल एवं संस्कार सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल सिद्ध हुई।

समारोह में वक्ताओं ने धर्म, संस्कृति, नारी शक्ति एवं राष्ट्रसेवा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं से सनातन मूल्यों के संरक्षण व प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। यह आयोजन धार्मिक जागरूकता, सामाजिक समरसता एवं मातृशक्ति के संगठनात्मक सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

## कार्यक्रम में झलका मातृशक्ति और धर्मनिष्ठा का अद्वितीय संगम





### सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर की बाल संस्कार प्रमुख टिकेश्वरी पटेल, वार्ड संयोजिका कमल वर्मा, सेवा प्रमुख संगीता साहू, नगर संयोजिका कुमारी किरण साहू, वेदिका सराफ तथा कुमारी अनु सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बजरंग दल के शिवाय सराफ का भी उत्साहपूर्ण योगदान उल्लेखनीय रहा। हनुमान चालीसा के 108 पाठों की भक्तिमय गूंज से संपूर्ण नगर श्रद्धा एवं ऊर्जा से सराबोर हो गया। भजन, कीर्तन एवं आरती में श्रद्धालुओं की भागीदारी अत्यंत उत्साहवर्धक रही। महिलाओं एवं बच्चों की सक्रिय सहभागिता ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। आयोजन के समापन पर सामूहिक प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### 12वीं में सुप्रिया प्रथम स्थान पर



**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा के उच्चतर माध्यमिक शाला असौंदा की छात्रा सुप्रिया वर्मा ने 12वीं में की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर कथा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने इस उपलब्ध का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के साथ माता पिता को दिया। सुप्रिया के पिता सुनील वर्मा, माता योगेश्वरी वर्मा दादा,थानसिंह वर्मा, मामा धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बधाई दी।

### वट सावित्री व्रत कल



**पलारी।** इस बार 26 मई वट सावित्री में अद्भुत सयोंग बन रहा है। वट सावित्री के साथ सोमवार सोमवती अमावस्या का भी संयोग है। भगवताचार्य राहूल महराज कहते हैं कि वट का अर्थ है बरगद, इस वृक्ष में त्रिमूर्ति भगवान ब्रम्हा, विष्णु, महेश का प्रतीक माना जाता है। यह वृक्ष ज्ञान, निर्वाण और दीर्घायु का पूरक माना गया है और सावत्री का अर्थ है वेदमाता गायत्री से इस लिए वट सावित्री कहा जाता है। यह व्रत मां सावत्री द्वारा अपने पति के प्राण रक्षा के लिए किया गया व्रत है। यह व्रत पति को दीर्घायु, सुख शान्ति प्रदान करने वाला है। वट सावित्री व्रत का पालन करना अपने पति के प्रति समर्पण और सच्चे प्यार का प्रतीक है।

### खेत की नापजोख करवाते समय मारपीट

**महासमुंद।** पटवारी से खेत का नापजोख करवाने पर ग्राम के सियान, पटवारी और अन्य लोगों की उपस्थिति में ग्राम के ही व्यक्ति ने परिवार वालों से मारपीट कर दी। मामला कोमाखान थाना क्षेत्र की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भुनेश्वर सेन निवासी ग्राम झिटकी ने बताया कि 22 मई को मेरे पिताजी माधो सेन, चनवारी दादर खेत की नापजोख करने के लिए हल्का पटवारी डोमन ध्रुव को बुलवाया था। नापजोख के दौरान मैं, मेरे पिताजी माधो सेन, पुत्र दिनेश सेन व गांव के प्रमुख सियान, कोटवारिन उपस्थित थे। इस दरम्यान तामेश्वर सेन पिता सोमलाल सेन निवासी झिटकी ने चनवारीदादर खेत की नापजोख करने के लिए कौन आवेदन लगाया है कहकर पूछने पर पटवारी ने आवेदन माधो सेन लगाया है कहा। तभी गोविंद सेन पिता देवनारायण सेन, तामेश्वर सेन पिता सोमलाल सेन व उनके परिवार के अन्य लोग बेवजह गाली गलौज कर मुझे और मेरे पिताजी माधो सेन को हाथ मुक्का, लात घुंसा, चप्पल से मारपीट किए है। गोविंद सेन व तामेश्वर सेन के मारपीट करता देख मेरे पुत्र दिनेश सेन बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट कर गला को दबा कर जमीन मे पटक दिया। हम सभी को जान से मारने की धमकी भी दिया है। मारपीट करने से सभी को चोंटें आई है।

### पेट संबंधी रोगों का उपचार आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 25 मई रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक पेट रोग, लिवर, पित्त रोग, गॉल ब्लैडर, पैनक्रियाज से संबंधित रोगों का उपचार कर उचित पमरार्श दिया जाएगा। जिसमें बालाजी हास्पिटल रायपुर के डॉ. एनएस गरड अपनी सेवाएं देंगे।

## स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में तुरमा पंचायत ने की अनुकरणीय पहल

# सामूहिक चेतना से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत तुरमा, जो अब तक एक साधारण ग्रामीण क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जो कार्य किया है, वह न केवल सराहनीय है, बल्कि इसे जिलेभर के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण के रूप में भी देखा जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों और महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा मिलकर चलाया गया स्वच्छता अभियान न केवल गांव की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ करने तक सीमित रहा, बल्कि उसने समाज के भीतर स्वच्छता के प्रति एक नई चेतना भी उत्पन्न की, जो आज के समय में अत्यंत आवश्यक होते चली है।इस पूरे आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहे जय मां महामाया युवा प्रभाग तुरमा के संस्थापक और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों से जुड़े बलौदा बाजार के जिला प्रमुख, साथ ही पीएचडी शोधार्थी तीजराम पाल, जिनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया।

इस अभियान की सफलता में ग्राम पंचायत की सरपंच लीलाबाई मनहरे, उपसरपंच जीवराखन यदु, पंचायत सचिव टीकाराम मनहरे, रोजगार सचिव नंदलाल पाल, पूर्व सरपंच परस मनहरे, समाजसेवी परस ध्रुव, रामखेलावन यदु, भारत माता वाहिनी महिला कमांडो समूह की अध्यक्ष प्रेमलता दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, पंचों तथा महिला समूहों की सराहनीय भूमिका रही। मीना तिवारी, मीना यादव, केजा बाई पाल, कुमारी यदु, तीरीन निषाद, मितानिन महेश्वरी ध्रुव, यमुना, सरोज पाल, देवकी पाल, जंतु यादव, अनीता मारकंडे, कीर्ति बघेल, शीला बाई पाल जैसे नाम उल्लेखनीय हैं, जिनकी सहभागिता ने इस अभियान को सशक्त आधार प्रदान किया।



### सफाई अभियान में सैकड़ों महिलाओं ने लिया हिस्सा

प्रातःकाल जब ग्राम पंचायत परिसर से यह अभियान आरंभ हुआ, तब सैकड़ों महिलाएं अपने हाथों में झाड़, फावड़े और कचरा एकत्र करने के लिए थैलियां लेकर सड़कों पर निकलीं। पंचायत के प्रत्येक सदस्य ने भी इसमें भागीदारी निभाई और समस्त ग्रामवासियों को यह संदेश दिया गया कि यह अभियान किसी औपचारिकता या सरकारी योजना की खानापूर्ति नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक कर्तव्य की पूर्ति है, जिसे हृदय से अपनाया जाना चाहिए। गांव के मंदिर प्रांगण से लेकर मुख्य बाजार और रिहायशी मोहल्लों तक की सफाई कर यह साबित किया गया कि सामूहिक चेतना से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रह जाता।

### मदकूद्वीप में तुरमा की महिलाओं ने चलाया था स्वच्छता अभियान

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व मदकूद्वीप, जो एक ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है, वहां भी ग्राम तुरमा की महिलाओं ने जाकर स्वच्छता अभियान चलाया था। इस प्रयास को जब जिला स्तरीय अधिकारियों ने देखा, तो उन्होंने इसे अत्यंत सराहनीय बताते हुए अन्य पंचायतों के लिए अनुकरणीय बताया, जो इस बात का प्रमाण है कि ग्राम तुरमा की महिलाएं केवल अपने गांव तक सीमित न रहकर, क्षेत्रीय स्तर पर भी सामाजिक चेतना के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### घर-घर जाकर लोगों को किया जागरूक

स्वच्छता को केवल सफाई तक सीमित न रखते हुए, इसे समाज निर्माण का आधार मानते हुए, पंचायत सदस्यों और महिला समूहों ने घर-घर जाकर लोगों को यह बताया कि स्वच्छ वातावरण न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी आधार बनता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक हर नागरिक अपने घर और परिवेश को स्वच्छ रखने का संकल्प नहीं लेता, तब तक कोई भी सरकारी योजना पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकती।

# थायराइड से निजात पाने योग है रामबाण उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा



हर वर्ष 25 मई को विश्व थायराइड दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को थायराइड रोग के प्रति जागरूक करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2008 में अमेरिकन थायरॉयड एसोसिएशन और यूरोपीय थायरॉयड एसोसिएशन द्वारा की गई थी। आज के तनावपूर्ण और असंतुलित जीवनशैली में थायराइड एक आम लेकिन गंभीर समस्या बन चुकी है, जिससे विशेषकर महिलाएं अधिक प्रभावित होती हैं। भारत में हर दसवां व्यक्ति थायराइड से पीड़ित है, जिनमें महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में लगभग दस गुना अधिक है। योग और प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ दीपक कुमार वर्मा के अनुसार, "थायराइड को जड़ से समाप्त करने के लिए नियमित योगासन और प्राणायाम बेहद प्रभावी सिद्ध होते हैं।

### क्या है थायराइड?

थायराइड एक एंडोक्राइन ग्रंथि है, जो गले के सामने हिस्से में स्थित होती है और तितली के आकार की होती है। यह ग्रंथि शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का निर्माण करती है। थायराइड की गड़बड़ी से हाइपोथायरॉयडिज्म (थायराइड हार्मोन की कमी) या हाइपरथायरॉयडिज्म (थायराइड हार्मोन की अधिकता) जैसी समस्याएं होती हैं, जो शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं।

### योग और प्राणायाम : थायराइड नियंत्रण के सशक्त साधन

दीपक वर्मा का कहना है कि थायराइड की समस्या से निजात पाने के लिए योग और प्राणायाम अत्यंत उपयोगी और प्रभावशाली हैं। सूर्य नमस्कार भी थायराइड सहित सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। यह न केवल मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करता है, बल्कि शरीर को ऊर्जावान, युवा और चुस्त बनाए रखता है।

# केंद्रीय समिति की बैठक में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में महानदी किनारे रामघाट स्थित श्री राम जानकी चौबीस अवतार भगवान केवट मंदिर है, जो केंद्रीय समिति का कार्यालय है, जहां सामाजिक उत्थान की चर्चाएं होती है, इसी कड़ी में सामूहिक बैठक आयोजित की गई।

जहां एक पंजीयन में संभाग स्तर, जिला स्तर, ब्लॉक, तहसील स्तर में सामाजिक पदाधिकारी चयन की चर्चाएं हुई। प्रदेश समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद गुंडरदेही विधायक ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने सामाजिक उत्थान के लिए प्रदेश संगठन द्वारा राजस्व नियम अनुसार अलग-अलग समिति गठन जरूरी है, जिससे समाज की उत्तरोत्तर विकास संभव हैं। साथ ही उन्होंने का शिवरीनारायण की आस्था पर कोई आंच नहीं आयेगी। केंद्रीय समिति ही 9 या 11 जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रदेश और केंद्र एक साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलेंगे। इससे सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था सभी में सुधार आएगा।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष आनंद निषाद, नन्द कुमार निषाद, अशोक निषाद, मनोहर निषाद, गायत्री निषाद, हरिशंकर निषाद, प्रदीप निषाद, धनेश निषाद, केंद्रीय समिति के अध्यक्ष रामेश्वर केवट, कोषाध्यक्ष डॉ. सनत केवट, महासचिव रमेश चंद्र केवट, सर्वराकार खोलबहरा केवट सहित केंद्र, संभाग, विभिन्न जिला परिक्षेत्र के केवट निषाद समाज के समाज सेवी उपस्थित थे।

# मोहरा पंचायत में प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ग्राम पंचायत मोहरा में प्रार्थना शेड निर्माण का भूमि पूजन हुआ। ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए इस कार्य की स्वीकृति मंत्री टंकराम वर्मा ने दिलायी।

इससे ग्रामीणों को धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए उचित स्थान सुलभ हो सकेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में ज़िला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन वर्मा, मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया, सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष मतराम बंजारे, चंदन डहरिया पूर्व उप सरपंच राजेश वर्मा, कार्तिक राम, डीगेश्वर यदु, राजकुमार वर्मा, छत्रधारी वर्मा, पंच पूर्णिमा धुरंधर, विनीत वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह प्रार्थना शेड ग्रामवासियों के लिए एक सामूहिक आयोजन स्थल के रूप में कार्य करेगा। इससे न केवल धार्मिक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि सामाजिक समरसता भी सुदृढ़ होगी। जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहनलाल वर्मा एवं अध्यक्ष हेमंत बाघमार ने इस कार्य को ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

सरपंच तारीणी वर्मा ने ग्रामीणों की ओर से मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार प्रकट किया और विश्वास जताया कि सरकार की योजनाओं से गांव का निरंतर विकास होगा।

## श्रमदान कर की गई गांव में सफाई



**पलारी।** सेनानी ग्राम रावन के वार्ड नंबर 10 के सरस्वती चौक रंग मंच और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक व शासकीय पशु औषधालय के पास कीचड़ और पालीथिन डिस्पोजल कचड़े को साफ सफ़ाई की गई। स्वच्छता के दौरान पंच चंद्र देव वर्मा, शत्रुहन यादव, सुरित यादव, सुमन यादव और निक्की तिवारी सहित ग्रामीणों श्रमदान किया।

# ईंट भट्ठों ने राहगीरों की बढ़ाई मुश्किल, राख और धूल से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

- पंचायत से बगैर एनओसी संचालित हो रहे ईंट भट्ठे, उठी कार्रवाई की मांग

क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार बेखौफ चल रहा है। इससे खनिज विभाग को हर महीने लाखों की राजस्व हानि हो रही है, बावजूद अवैध ईंट भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद है। बता दे की अर्जुनी टोनाटार मार्ग और टोनाटार में शासकीय जमीन पर अवैध ईंट भट्ठा का कारोबार चल रहा है। कुम्हार जाति को मिले छूट का लाभ अब रसूखदार भी उठा रहे हैं। खास बात यह है कि कुम्हार जाति की आड़ में अन्य राज्य से यहां आकर छूट से अधिक मात्रा में लाल ईंट का अवैध निर्माण कर हर साल करते हैं।

इस संबंध में हल्का पटवारी भुनेश्वर साहू ने बताया कि 5 या 6 महीने हुआ है, इस हल्के में काम करते हुए। एक दो बार ही उस तरफ गया हूं जानकारी नहीं है। जाकर देखता हूं।

इस संबंध में अर्जुनी सचिव राजेश साहू ने कहा कि कुम्हार की आड़ में अवैध ईंट भट्ठा चला रहे हैं। अभी तक एक भी ईंट भट्ठा संचालक ने पंचायत से अनुमति नहीं ली है। इन लोगों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए।



### ईंट की राख से उड़ती धुल, राहगीरों कर रही परेशान

रोड से लगे खेत में अवैध रूप से ईंट भट्ठा संचालित हो रहे हैं। गर्मी के दिनों में ईंट की राख उड़ती धूल से राहगीर परेशान है। राख की उड़ती धूल राहगीरों के आंख में चले जाते हैं जिससे परेशानियों को सामना करना पड़ता है।

## ऑन लाइन कार्यक्रम में छात्रों सहित आमजनों ने लिया हिस्सा

# छात्रों ने जाना साइबर हाइजिन और डाइट का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






जिला पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से फेसबुक पेज के माध्यम से खाकी वार्ता ऑनलाइन लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के पहले एपिसोड में देश के विख्यात साइबर एक्सपर्ट डॉ. रक्षित टंडन ने लाइव जुड़कर साइबर हाइजीन एवं साइबर डाइट विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

शनिवार सुबह 11.30 से 1 बजे तक चले इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। डॉ. टंडन ने सोशल मीडिया पर सुरक्षित उपस्थिति बनाए रखने के लिए मजबूत पासवर्ड बनाने, एपीके फाइल डाउनलोड न करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और हमेशा अपडेट रहने की सलाह दी।उन्होंने व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक हैक के नए तरीकों के बारे में बताते हुए कहा कि आज के समय में साइबर अपराधी लगातार नई तरकीबें अपना रहे हैं, जिससे बचने के लिए जनता को जागरूक और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, आपकी सतर्कता और सावधानी ही साइबर ठगी से बचाव का सर्वोत्तम उपाय है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गुडेलिया, पीएम श्री स्कूल कसडोल, अंबुजा विद्यापीठ रवान, नव प्रेरणा नई उड़ान बलौदाबाजार समेत अनेक शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लाइव से जुड़कर छात्रों और नागरिकों ने विभिन्न साइबर अपराधों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा तत्परता से दिया गया।यह फेसबुक लाइव खाकी वार्ता कार्यक्रम जिला पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जागरूकता फैलाने की दिशा में एक अभिनव पहल है, जिसके तहत भविष्य में भी विभिन्न सामाजिक और कानूनी विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की ऑनलाइन उपस्थिति और जनसहभागिता को देखते हुए इसे अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई है तथा पुलिस प्रशासन द्वारा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रखने की योजना है।

